भारत सरकार
योजना मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *158
दिनांक 17 जुलाई, 2014 को उत्तर देने के लिए

'आधार कार्ड' के संबंध में निर्णय

***158. श्री पी. राजीव:**
क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'आधार कार्ड' के संबंध में कोई निर्णय लिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस परियोजना को लागू करने के लिए विशिष्ट पहचान एजेन्सी (यू.आई.डी.) द्वारा कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) -- योजना मंत्रालय,
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
तथा रक्षा राज्य मंत्री
(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

'आधार कार्ड' के संबंध में निर्णय के बारे में राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *158 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) इस चरण पर, आधार परियोजना को आशोधित/संशोधित करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख) आधार परियोजना हेतु वर्ष-वार आबंटन और इस पर किया गया व्यय निम्नानुसार हैः

वर्ष	**बजट आबंटन (करोड़ रू. में) (सं. अ.)**	**वास्तविक व्यय (करोड़ रू. में)**
2009-10	26.38	26.21
2010-11	273.80	268.41
2011-12	1200.00	1187.50
2012-13	1350.00	1338.72
2013-14	1550.00	1544.44
2014-15 (जून 2014 तक)	2039.64 (ब.अ.)	255.33
कुल	**6439.82**	**4620.61**